4 जनवरी 2013
जिला प्रशासन का गांव सिणंद (खण्ड कलायत) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।
उपलब्धियां

1. इंदिरा प्रिय दर्शिनी विवाह शगुन योजना के तहत 9 लाभार्थी परिवारों को एक लाख से अधिक धनराशि के चैक प्रदान किए गए।
2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 114 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।
3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 19 नए राशन कार्ड बनाए गए तथा 17 सरेंडर सर्टिफिकेट जारी किए गए।
4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत सिणंद गांव में 396 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।
5. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सों द्वारा 250 लोगों का उपचार किया गया।
6. प्रत्येक रात्रि ठहराव में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर रहे ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जनकल्याण संस्थान द्वारा शिविर के माध्यम से 100 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां दी गई तथा सिणंद गांव की बेटी पूजा देवी को शिक्षण उपलब्धियों के आधार पर एक हजार रूपए मासिक छात्रवृति देने की भी घोषणा की गई।
7. आयुष विभाग द्वारा लगभग 300 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच के उपरान्त दवाईयां दी गई।
8. उप निदेशक पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए शिविर के माध्यम से 505 पशुओं का उपचार किया गया।
9. राजस्व विभाग द्वारा 170 जाति व रिहायशी प्रमाण—पत्र बनाए गए।
10. समाज कल्याण विभाग द्वारा 34 वृद्वावस्था सम्मान भत्ता योजना के फार्म स्वीकार किए गए।
11. गांव सिणंद के सरपंच जीयालाल शर्मा की पत्नी रोशनी देवी व एक अन्य ग्रामीण महिला सोना देवी ने उपायुक्त के आहवान पर पर्दा प्रथा को त्यागने का प्रण लिया।
12. जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोगों को कानूनी रूप से साक्षर किया गया।
13. गांव के बाबा मंगलपुरी यूवाक्लब को सम्मानित किया गया।
14. गांव के स्कूल के अन्दर के नाले की पाईप बदलने की मंजूरी दी गई।